हम क्या करते हैं

1 जनवरी 2015 से, हम पर्यावरण, भूमि, जल एवं नियोजन विभाग (Department of Environment, Land, Water and Planning) के नाम से जाने जाते हैं।

DELWP विक्टोरिया के नियोजन, स्थानीय सरकारी, पर्यावरण, ऊर्जा, उपनगरीय विकास, वन, आपातकालीन प्रबंधन, जलवायु बदलाव और जल प्रकार्यों को एक साथ एक विभाग में मिलाती है जिससे पर्यावरण, समुदाय, उद्योग और अर्थ-व्यवस्था के बीच संबंध मज़बूत हो सकें।

हमारी चुनौति विक्टोरिया की आबादी, जिसके 2050 तक दुगना होने की उम्मीद है, के साथ-साथ यहाँ रहने की योग्यता को बनाए रखना है, साथ ही जलवायु बदलाव पर प्रतिक्रिया करना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे प्राकृतिक पर्यावरण, मूलभूत सुविधाओं और विरासत की सुरक्षा करना भी हमारे लिए एक चुनौति है।

हमारी सार्वजनिक मान्यताओं के परिणाम

DELWP की आठ सार्वजनिक मान्यताओं के परिणाम हमारे लक्ष्य और मुख्य निर्देशों को तय करते हैं।

इसमें अन्य मुख्य विभागों और संस्थाओं के साथ सहयोगात्मक तरीके से सांझे सरकारी उद्देश्यों में अपना योगदान देना शामिल है:

- शून्य उत्सर्जन, जलवायु के लिए तैयार अर्थ-व्यवस्था और समुदाय
- स्वस्थ, प्रतिरोधक्षमतापूर्ण और जैव-विविध पर्यावरण
- विश्वसनीय, कुशल, सुलभ, सुरक्षित और सुस्थिर ऊर्जा सेवाएँ
- उत्पादमक और कुशल भूमि प्रबंधन
- सुरक्षित एवं सुस्थिर जल संसाधन
- गुणवत्तापूर्ण निर्मित पर्यावरण
- सुस्थिर और प्रभावी स्थानीय सरकारें
- मुख्य बुशफॉयर और अन्य आपातिक स्थितियों का लोगों, संपत्तियों और पर्यावरण पर कम प्रभाव।

DELWP कई संस्थाओं, औद्योगिक निकायों, नीति संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ काम करती है। इन संबंधों में अनुसंधान, नीति विकास, कार्यक्रम को लागू करना और वित्त-पोषण संबंधी सहायता शामिल है।

हमने DELWP 2020, हमारे कार्यनीतिक ढांचे, और टीमवर्क, कल्याण तथा सुरक्षा, स्वामितत्व और सेवा उत्कृष्टता की अपनी चुनी हुई मान्यताओं के माध्यम से DELWP के लिए दिशा स्थापित की है।

VICTORIA State Government | Environment, Land, Water and Planning

हम क्या करते हैं

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम विक्टोरिया के सभी लोगों के लिए सर्वश्रेष्ठ तरीके से अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं, हम एक सकारात्मक संगठनात्मक संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं जो दृढ़ नेतृत्व, विविधता, सहयोग, नवप्रवर्तनशीलता और

हमारे लोगों का विकास करने के माध्यम से उच्च प्रदर्शन का संचालन करती है – एक विविध और समावेशी संस्था बनने से हम एक दूसरे से सीखने, अपनी समझबूझ को बढ़ाने और परिणाम प्रदान करने के नए तरीके खोजने में सक्षम होते हैं।

हमारा लक्ष्य और हमारे सिद्धांत

विविधता और समावेशी के लिए हमारा लक्ष्य एक ऐसी कार्यस्थल संस्कृति का है जो हर प्रकार से व्यक्तिगत अंतरों को अपनाती है और नवप्रवर्तनशीलता तथा समावेशी को बढ़ावा देती है। हम उस परिस्थिति में अपनी विविधता एवं समावेशी की मान्यताओं का अनुपालन करेंगे जब हमारे लोग निम्नलिखित सिद्धांतों को अपनाएँगे:

- दूसरे लोगों के अनुभव और विचारों से लाभ उठाना
- अलग-अलग दृष्टिकोणों को अपनाना
- उन्हें यह अहसास दिलाना कि वे अपनापन महसूस करते हैं और उनकी विशिष्टता को पहचानना
- योगदान का सम्मान किया जाता है
- कार्यस्थल में समान अवसर प्रदान करना
- हमारे विविध उपभोक्ताओं के साथ प्रभावकारी ढंग से संपर्क स्थापित करना और
- समुदायों द्वारा अपनी ज़रूरतों को समझना

यदि आपको सहायता की ज़रूरत है, तो अनुवाद एवं भाषान्तरण के लिए कृपया अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service - TIS) से संपर्क करें।
TIS नेशनल से 131 450 पर संपर्क करें (ऑस्ट्रेलिया में) या www.tisnational.gov.au देखें।